# कृषि–वानिकी पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

स्थानीय सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र के तत्वाधान में दिनांक 16.03.2016 को कृषि वानिकी विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इलाहाबाद के विभिन्न ग्रामों से किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केन्द्र के निदेशक एम0के0 शुक्ला ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण में उन्होने विभिन्न वानिकी प्रजातियों यथा यूकेलिप्टस, पॉपलर, बकैन, बांस आदि प्रजातियों को कृषि वानिकी अपनाने सम्बन्धी बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। केन्द्र की वैज्ञानिक डा0 अनीता तोमर ने महत्वपूर्ण कृषि–वानिकी मॉडलों पर विस्तार से चर्चा किया। डा0 तोमर ने पौध की उपलब्धता तथा रोपण संबन्धी जानकारी दिया। केन्द्र की वैज्ञानिक डा0 अनुभा श्रीवास्तव ने कृषि–वानिकी में क्लोनल यूकेलिप्टस की उपयोगिता, रोपण तथा विपणन संबन्धी जानकारी दिया। उन्होने यूकेलिप्टस से होने वाले आर्थिक लाभ का विवरण दिया। केन्द्र के डा0 वी0पी0 पाण्डेय, अनुसंधान अधिकारी ने महत्वपूर्ण प्रजातियों में लगने वाले रोग तथा रोक–थाम का विस्तार से विवरण दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बी0डी0सिंह, उन्नतिशील कृषक तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, फूलपुर ग्रा0 कोड़ापुर ने कृषि–वानिकी द्वारा कृषकों को आर्थिक लाभ अर्जित करने का संदेश दिया। उन्होने सतावर, हल्दी आदि प्रजातियों के वृक्ष बागानों के बीच की भूमि पर लगा कर विपणन स्रोतों पर भी चर्चा किया। बी0डी0सिंह ने स्वयं द्वारा कृषि वानिकी से प्राप्त आय का विस्तृत विवरण कृषकों को दिया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में किसानों के आगामी प्रशिक्षण सत्रों में आयोजन के संबंध में विषय संबंधी सुझाव दिये गये। कार्यक्रम का सफल आयोजन डा0 अनीता तोमर तथा डा0 अनुभा श्रीवास्तव द्वारा डा0 वी0पी0 पाण्डेय तथा डा0 एस0 डी0 शुक्ला के सहयोग से किया गया।

**कृषि वानिकी की दी जानकारी**

इलाहाबाद : स्थानीय सामाजिक वानिकी एवं परि–पुनर्स्थापन केंद्र के तत्वावधान में बुधवार को कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोजूद किसानों को संबोधित करते हुए निदेशक एमके शुक्ला ने उन्हें यूके लिप्टस, पॉपलर, बकेन, बांस प्रजातियों की जानकारी दी। डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने कृषि वानिकी में क्लोनल यूकेलिप्टस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

Dainik Jagran 17-03-2016

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम
पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि-वानिकी का विकास
सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र

कृषि-वानिकी का विकास
C.S.F.E.R.

स्वागत भाषण

कृषि वानिकी सम्बन्धी विषयों पर व्याख्यान

प्रमाण–पत्र वितरण